हरिभूमि
रायपुर भूमि



**मरीजों की पीड़ा**

डीकेएस अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों की पीड़ा तपती गर्मी ने दोगुनी कर दी है। अस्पताल के भीतर मरीजों के परिजनों के लिए विशेष व्यवस्था नहीं होने के कारण वे बाहर पार्किंग में ही अपने दिन-रात गुजारते हैं। इस भीषण गर्मी में झूलसाने वाली गर्म हवा उनके स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है।



# 2015 के बाद पहली बार इतनी तपी राजधानी, सड़कें सूनी, बाजार खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- इसके पूर्व 2015 में पारा पहुंचा था 47 डिग्री पर गुरुवार को राजधानी का तापमान रहा 46.8 डिग्री

बीते लगभग एक सप्ताह से तप रही राजधानी में गुरुवार को गर्मी के बीते नौ सालों के रिकॉर्ड टूट गए। 2015 में रायपुर में सर्वाधिक तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया था। 2015 के बाद यह पहली बार रहा, जब राजधानी में तापमान 47 डिग्री के करीब पहुंच गया। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। पिछले वर्ष मई में शहर का अधिकतम ⏭ शेष पेज 13 पर

## रातें भी गर्म और बेचैन करने वाली

ना सिर्फ दिन बल्कि रात में भी लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। भीषण गर्मी के कारण दिन में तो लू चल ही रही है, रात में भी गर्म हवाओं से लोगों का सामना हो रहा है। सुबह भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। घरों में कूलर और एसी सुबह से ही चल रहे हैं। धूप ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### उमिया मार्केट बिरगांव में लगी आग

**रायपुर।** बिरगांव निगम सीमा में भीम सरिया सिएस्टो सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड उमिया मार्केट में लकड़ी के बड़े-बड़े गोले में भीषण आग लग गई। कंपनी के पीछे दुर्गानगर वार्ड-35 की बहुत घनी आबादी है। सूचना मिलने पर बिरगांव निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने दमकल विभाग, उद्योगों के अग्निशमन वाहनों को सूचना देकर बुलवाया। साथ ही निगम के टैंकरों व जेटिंग मशीन से आग बुझाने के लिए प्रयास किया। वहीं दमकल कर्मियों व अधिकारियों द्वारा तपती धूप में भीषण आग पर काबू पाने की गई जद्दोजहद काम आई। इस दौरान मौके पर रायपुर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार व नगर सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### फार्म हाउस से मोटर पंप वायर चोरी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने फार्म हाउस से मोटर पंप तथा वायर चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पिपरहट्टा निवासी नरसिंह राठौर की शिकायत पर अनिल भारती, ताराचंद बांधे को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। नरसिंह ने बुधवार को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।

### दो तस्कर गिरफ्तार 10 किलो गांजा जब्त

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश, मोहबा के रहने वाले दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों तस्करों को रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-2 के पास से गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में मनीराम कुशवाहा, त्रिनोद कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक ओडिशा से गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में थे।

### कंप्यूटर सिस्टम में गड़बड़ी कर 26 लाख पार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक कंपनी के डायरेक्टर ने अपने यहां काम करने वाले मैनेजर के खिलाफ कंप्यूटर सिस्टम में गड़बड़ी कर 20 लाख रुपए से ज्यादा के डायमंड तथा छह लाख रुपए नकदी अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राधाकिशन वेंचर्स के डायरेक्टर तथ्य भाटिया ने आकाश सोनी के खिलाफ अमानत में खयानत करने की शिकायत दर्ज कराई है। तथ्य ने पुलिस को बताया कि उनके यहां काम करने वाले आकाश की गड़बड़ी की जानकारी स्टाक मिलान करने के साथ ऑडिट करने के दौरान मिली।

निगम ने बनाया 28 करोड़ का अनुमानित प्रोजेक्ट

# कचरा हटा, अब सरोना में बनेगा खेल मैदान और गार्डन, बस यार्ड और चार्जिंग स्टेशन भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरोना स्थित नगर निगम के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट के वैज्ञानिक निष्पादन के बाद वहां खेल मैदान बनेगा और सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा खरीदी जाने वाली ई बसों को खड़ा करने बस यार्ड और इसे चार्ज करने चार्जिंग स्टेशन रहेगा। नगर निगम जोन 8 ने इसके लिए 28 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार कराया है, जिसे राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

हरिभूमि सरोकार

कचरा, गंदगी और बदबू का पर्याय बने सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड की अब सूरत बदलेगी। दशकों से दबे कूड़ा करकट का वैज्ञानिक निष्पादन कर इस खाली जमीन के एक तिहाई हिस्से में क्रिकेट, टेनिस और वॉलीबाल जैसे खेलों ⏭ शेष पेज 13 पर

## राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए जाएगा

### कचरा निष्पादन का 40 फीसदी काम पूरा

ट्रेंचिंग ग्राउंड में दशकभर से दबे 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट का वैज्ञानिक निष्पादन कर रही रायगढ़ की कंपनी ने अब तक साइट पर 40 फीसदी काम पूरा कर लिया है। दिसंबर 2024 तक इस काम को पूरा करने समय सीमा तय है। कचरे का निष्पादन करने 2 स्क्रीनिंग मशीन, 1 ट्रामर, 5 पोकलेन मशीन के साथ अनुबंधित एजेंसी ने काम तेजी से निपटाने 3 ट्रामेल और मंगाये हैं।




### 28 करोड़ का प्रोजेक्ट, शासन के पास मंजूरी के लिए जाएगा

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन होने के बाद यहां खेल मैदान, बगीचा और ई बस खड़ी करने बस यार्ड बनाया जायेगा। इसके साथ ही सोलर पैनल लगाने की योजना है। 28 करोड़ के अनुमानित प्रोजेक्ट की स्वीकृति के लिए राज्य शासन के पास प्रस्ताव भेजा जायेगा।

- **अरुण ध्रुव,** कमिश्नर, जोन 8, नगर निगम रायपुर

### 28 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार

सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड की 24 एकड़ जमीन पर खेल मैदान और बगीचा विकसित कर वहां प्रकाश व्यवस्था के लिए लिए सोलर फार्म बनेगा। खिलाड़ियों के लिए अलग से स्पोर्ट्स पार्क के लिए एक तिहाई जगह सुरक्षित रहेगी। वहां पर 3 तरह के खेलकूद को बढ़ावा देने खेल मैदान तैयार किये जायेंगे। पूरे परिसर के चारों ओर पौधारोपण कर हरा-भरा रखा जायेगा। कुल मिलाकर करीब 28 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया गया है।

### डूबान क्षेत्र में वेटलैंड का प्रस्ताव

सरोना लैंडफिल साइट के क्लीयर होते ही प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर काम करने आनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जायेगी। योजना के मुताबिक डूबान क्षेत्र में जल संग्रहण के लिए वेटलैंड का प्रस्ताव बनाया गया है। वेटलैंड पार्क में वाटर प्यूरीफिकेशन के साथ ही जल संग्रहण का काम किया जायेगा। इसके साथ ही इस क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर फार्म बनेगा। इसमें कुम्हारी के पास रेलवे का जिस तरह सोलर पैनल बनाया गया है, उसी तर्ज पर यहां सोलर फार्म बनाया जायेगा।

# कर्मचारियों ने ही शराब दुकान से उड़ाए थे 37 लाख, चार पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दो दिन पूर्व खमतराई थाना क्षेत्र की घटना

मारपीट की आड़ में शराब दुकान से पौने 37 लाख रुपए चोरी करने के आरोप में पुलिस ने शराब दुकान के गार्ड सहित चार कर्मियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की रकम साढ़े 33 लाख रुपए जब्त किया है। घटना 29 मई की देर रात खमतराई थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक खमतराई स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित अंग्रेजी शराब ⏭ शेष पेज 13 पर

### सीसीटीवी से पकड़े गए बदमाश

शराब दुकान में लूट की जानकारी मिलने पर पुलिस भी हरकत में आ गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की, तो फूटेज में रोशन के साथ मारपीट करने का फूटेज मिला। साथ ही बोरी के साथ शराब दुकान के कर्मी बाहर निकलते ⏭ शेष पेज 13 पर

### गार्ड ने कॉल कर कहा बदमाश कैश लूटकर भाग गए

योजना के तहत रोशन कैश काउंटर की चाबी जानबूझकर काउंटर पर छोड़कर थाना रिपोर्ट कराने गया। इसके बाद दुकान के अन्य कर्मी बोरी में रुपए भरकर वहां से गायब हो गए। इसके बाद गार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराने गए रोशन को कॉल कर दुकान में बदमाशों के जबरन घुसने के साथ रुपए लूट कर ले जाने की जानकारी दी।

# ईडी के बाद ईओडब्लू करेगी सूर्यकांत और विश्नोई से पूछताछ, चार दिन की मिली रिमांड

- कोर्ट ने दी मंजूरी, 3 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा
- बुधवार को ईओडब्लू ने कोर्ट में पेश किया था आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माइनिंग घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अफसर रही रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर रही सौम्या चौरसिया के बाद ईओडब्लू ने निलंबित आईएएस समीर विश्नोई तथा सूर्यकांत तिवारी को रिमांड पर लिया है। दोनों आरोपियों की रिमांड लेने ईओडब्लू ने बुधवार को कोर्ट में आवेदन पेश किया था। जांच एजेंसी के आवेदन पर ईओडब्लू की विशेष अदालत ने दोनों आरोपियों से पूछताछ करने चार दिन की रिमांड स्वीकृत की है। समीर विश्नोई तथा सूर्यकांत को तीन जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि ईडी के प्रतिवेदन पर ईओडब्लू माइनिंग घोटाला को लेकर अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि अफसरों ने अपने ⏭ शेष पेज 13 पर

### आमने-सामने बैठाकर पूछताछ

रिमांड पर ली गई सौम्या चौरसिया, रानू साहू से ईओडब्लू की टीम घोटाला में उनकी भूमिका को लेकर लगातार पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर जांच एजेंसी सूर्यकांत तथा समीर विश्नोई से पूछताछ करेगी। इन दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के बाद चारों आरोपियों को एक साथ बैठाकर पूछताछ करेगी। पूछताछ के आधार पर जांच एजेंसी आगे की कार्रवाई निर्धारित करेगी।

## शराब मामले में यूपी एसटीएफ अनवर से करेगी पूछताछ

- प्रोटक्शन वारंट पर लखनऊ ले जाने एसटीएफ ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की



राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में ईडी के बाद ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, अरुण पति त्रिपाठी तथा अरविंद सिंह को ईओडब्लू ने कोर्ट में पेश किया। चारों आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। रिमांड खत्म होने के बाद उन्हें पुनः कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने चारों की न्यायिक रिमांड अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। इसके साथ ही गुरुवार को उत्तरप्रदेश एसटीएफ ने अनवर से नकली होलोग्राम बनाने के मामले में पूछताछ करने प्रोटक्शन वारंट पर लखनऊ ले जाने विशेष अदालत में अर्जी दाखिल की है। गौरतलब है कि ईडी के प्रतिवेदन पर पिछले वर्ष ⏭ शेष पेज 13 पर




## रविवि में शासकीय और निजी महाविद्यालयों की बैठक आज

# ऑटोनॉमस कॉलेजों के लिए रविवि ही मंगाएगा अर्जी बीते वर्ष बदली थी व्यवस्था, अब फिर माथापच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से होने जा रही है। रविवार होने के कारण प्रदेश में कॉलेज 17 जून से खुलेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, इस सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जाएगी। इस कारण व्यवस्था में कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। इन्हें लागू करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आवेदन प्रक्रिया से संबंधित भी ⏭ शेष पेज 13 पर

## सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन में उलझा सॉफ्टवेयर अपडेटेशन, प्राइवेट कॉलेज भी हलाकान

### च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के कारण परेशानी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम अपनाया जा रहा है। इसके तरह छात्र अपने संकाय संबंधित विषयों के अतिरिक्त अन्य संकाय के किसी एक विषय का चुनाव कर सकेंगे। यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है ताकि छात्रों को अपने संकाय के अलावा ⏭ शेष पेज 13 पर



### बैठक आज

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा आज कॉलेजों की बैठक रखी गई है। शासकीय और निजी महाविद्यालयों दोनों की अलग-अलग पालियों में बैठक होगी। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से शासकीय कॉलेजों की बैठक होगी, जबकि द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 से 5.30 तक निजी महाविद्यालयों की बैठक ली जाएगी। अंदरुनी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैठक में प्रवेश प्रक्रिया सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### देवी अहिल्या जयंती आज

**रायपुर।** देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती महाराष्ट्र मंडल में 31 मई को शाम 6.30 बजे मनाई जाएगी। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर जयंती का समूचा आयोजन 15 केंद्रों की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि से लेकर समस्त वक्ता सभी 15 केंद्रों की चुनिंदा महिलाएं होंगी, जो देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व, कृतित्व और जीवनी पर प्रकाश डालेंगी। नारी सशक्तीकरण की प्रतिमूर्ति देवी अहिल्याबाई की जयंती इससे बेहतर और क्या हो सकती है, जब समूचा पुरुष समाज नारी शक्ति को उनके संदर्भ में बोलते, बातचीत करते देखेगा और इससे प्रेरित भी होगा।

### शिवसेना यूबीटी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे द्वारा प्रदेश की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, संतोष मार्कण्डेय, बल्लू जांगड़े, आनंद तिवारी, मोहित सिन्हा, संजय हालदार, राजू ठाकुर, बिट्टू यादव, लक्ष्मी कश्यप, यशराज ठाकुर और राजेंद्र निर्मलकर समेत अनेक शिवसैनिक शामिल रहे।

संवेदनशील उद्योगों में सुरक्षा मानकों का हो पूरी तरह से पालन

# उद्योगों के लिए बनेंगे सख्त नियम, मंत्री ने कहा- सुरक्षा मानकों का हो पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बेमेतरा बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट की घटना को लेकर कहा, हर उद्योग की निरंतर जांच होनी चाहिए, ताकि दुर्घटनाएं रुके। इसके लिए सख्त नियम बनाने की जरूरत उन्होंने बताई है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में जो भी नियम होंगे, उसका पालन कराया जाएगा, ताकि लोग सुरक्षित रहें। संवेदनशील उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन हो इसे लेकर विभाग पूरी तरह से सजग है।

बेमेतरा हादसे को लेकर उद्योग मंत्री ने कहा, कई जगह दुर्घटनाएं हो रही हैं। बहुत सारे अधिकार उद्योग विभाग के दायरे में नहीं हैं। कई जांच की मांग आई है, इसलिए मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि निरंतर हर उद्योगों की जांच हो, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगे। ऐसे मामलों के लिए कड़े नियम बनाने की वकालत की गई है। आने वाले समय में जो भी नियम होंगे, उसका पालन कराया जाएगा। उद्योगों में रोजगार के साथ साथ सेफ्टी भी जरूरी है। विभाग इसके लिए पूरा प्रयास कर रहा है। बेमेतरा की घटना को लेकर उद्योग मंत्री ने कहा, सभी उद्योगों की निरंतर जांच कराई जाएगी। बॉयलर्स और यहां पर सेफ्टी की जांच हो, इसके लिए पत्र लिखा है। सभी उद्योग की कड़ाई से जांच कराई जाएगी। कोई जनहानि न हो, इसके लिए विभाग पूरी तत्परता से काम करेगा।

### जल्द तैयार होगी नई उद्योग नीति

नयी उद्योग नीति को लेकर उद्योग मंत्री ने कहा, नई उद्योग नीति 2024-29 तैयार की जाएगी। अधिकारियों से कहा गया है, अन्य प्रदेशों की उद्योग नीति के संबंध में जानकारियों को नई नीति में शामिल करें, जो राज्य के हित में हो। आचार संहिता हटने के बाद इस पर काम शुरू होगा। अच्छी उद्योग नीति बने, ताकि बाहरी लोग भी छत्तीसगढ़ की नीति से प्रभावित हों और निवेश हो। बड़े उद्योग खुलेंगे, तो लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### चैंबर के पदाधिकारियों ने मंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने गुरुवार को वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी से उनके बंगले पहुंचकर मुलाकात की। साथ ही विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए नए विजन को लेकर दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर की परिकल्पना से मंत्री को अवगत कराया।

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- दुर्गम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बनेंगी 85 सड़कें

**रायपुर।** प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश की विष्णुदेव सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस शासन में सड़कों का निर्माण रुका पड़ा था। हमारी सरकार बनी तो मात्र 4 माह के अल्प समय में हमने नक्सल प्रभावित क्षेत्र की 11 सड़कों का निर्माण पूर्ण कर लिया है। दुर्गम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 85 सड़कें बनाने का काम किया जाएगा। श्री शर्मा का कहना, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा सुरक्षा को लेकर थी।



इस दिशा में सबसे बड़ा प्रयास हमने यह किया कि इसके लिए योजना बनाकर अब संयुक्त बैठक प्रारंभ की है, जिसमें गृह विभाग और पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एक साथ बैठते हैं। इसमें एडीजी नक्सल विवेकानंद, आईजी एसआईबी ओपी पाल और पंचायत विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक रायपुर व दंतेवाड़ा में विभागों की संयुक्त बैठक लेकर सड़कें चिन्हित करते हैं, उन्हें सुरक्षा देते हैं और केके कटारे के नेतृत्व में निर्माण तेजी से पूर्ण कराते हैं।

### इन सड़कों का निर्माण पूरा

श्री शर्मा ने बताया, पुलिस बल की सुरक्षा में जिन 11 सड़कों का निर्माण पूर्ण किया गया है, उनमें कांकेर, भानुप्रतापपुर और कोंडागांव जिला अंतर्गत एक-एक सड़क, दंतेवाड़ा जिले में 3 सड़क तथा सुकमा जिले में 5 सड़कें शामिल हैं। इनमें कांकेर जिले में किसकोड़ो से कोटखुरसाई तक, भानुप्रतापपुर जिले में बड़गांव प्रतापपुर रोड बड़ेझारकट्टा तक, कोंडागांव जिले में कोंडागांव कोरमेल रोड से स्कूल पारा मातवाल से गुनिया पारा कुदुर तक, जिला दंतेवाड़ा में सुरनार से पटेल पारा तक, कोरीरास किद्रीरास रोड से छोटेबेडमा तक, कवलनार से झिरका तक, जिला सुकमा में डोलेरास से पेडलनार तक, धनिकोडाता से डेंगोपारा तक, कांहीगुड़ा मार्ग, चिकपल्ली मार्ग, मोशलपारा से सोब्बीरासपारा तक सड़क निर्माण पूर्ण किया गया है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, मांगा हिसाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दो साल से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है? यह हिसाब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मांगा है। इस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को पत्र भेजा है।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दो साल पहले 1 जून 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय, एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया था। प्रतिबंध के दायरे में प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों में उपयोग होने वाली प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडिया, थर्मोकोल की सजावटी सामग्री, प्लास्टिक की प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, कटलरी आयटम्स, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण पत्र एवं सिगरेट के पैकेट पर लपेटने या पैक करने में इस्तेमाल की जाने वाली फिल्म, 100 माइक्रॉन से कम वाली प्रतिबंधित है।

बताया गया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसका हिसाब मांगा गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है, और यह एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्तिगत और सामूहिक विकास को गति मिलती है। "प्रवेश प्रारंभ एजुकेशन" का उद्देश्य बच्चों के शैक्षिक जीवन की शुरुआत में ही एक मजबूत आधार प्रदान करना है। प्रारंभिक शिक्षा के इस चरण में बच्चों को सही दिशा और मार्गदर्शन देने के लिए विशेष ध्यान और प्रयास की आवश्यकता होती है।

### प्रारंभिक शिक्षा की महत्वता

1. मस्तिष्क विकास : बचपन में मस्तिष्क का विकास सबसे तीव्र गति से होता है। इस अवधि में दी गई शिक्षा बच्चों के संज्ञानात्मक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सही शिक्षा और गतिविधियाँ बच्चों के सोचने, समझने और सीखने की क्षमताओं को बढ़ाती हैं।

2. बुनियादी कौशल का विकास : प्रारंभिक शिक्षा बच्चों को बुनियादी गणित, भाषा और सामाजिक कौशल सिखाती है। ये कौशल आगे चलकर उनकी शैक्षिक यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

3. व्यक्तित्व निर्माण : इस स्तर पर दी जाने वाली शिक्षा बच्चों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्म-नियंत्रण का विकास करती है। यह उनके व्यक्तित्व निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### प्रारंभिक शिक्षा की महत्वता

1. सरकारी पहल : सरकार को प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अधिक निवेश करना चाहिए। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्कूलों की संख्या बढ़ाने और शिक्षकों की भर्ती के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए।


2. सार्वजनिक-निजी साझेदारी : शिक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक और निजी संगठनों की साझेदारी से संसाधनों और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। इससे शैक्षिक संस्थानों की संख्या बढ़ाने और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है।

3. सामुदायिक भागीदारी : सामुदायिक सहभागिता से शिक्षा के महत्व को समझाने और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने में मदद मिल सकती है। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं जिससे परिवारों को बच्चों की शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके।










Contact for Ad- 7987119756

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चों ने सीखा माडल बनाना

**आरंग।** गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में समर कैम्प में बच्चों ने कबाड़ से जुगाडकर विज्ञान माडल बनाना सीखा। वहीं गत दिवस शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बच्चों को ढोलक वादन, चित्रकला, पेंटिंग, एरोबिक डांस, मेडीटेशन, रस्सी कूद, क्रिकेट, फुगड़ी, फूटबाल, कैरमबोर्ड, शतरंज, योगाभ्यास, रंगोली व फूलों से रंगोली निर्माण इत्यादि गतिविधियां सीखाए। जिसमें बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों ने बताया समर कैंप में इन गतिविधियों में बच्चे उत्साह से भाग लिये। वहीं शिक्षको ने बच्चों को अलग–अलग तरह की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दिए। वहीं समर कैंप में संस्था प्रमुख के.के. परमाल, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, अशोक कुमार चंद्राकर, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बच्चों की सहभागिता व उपस्थिति रही।

### 12वीं में रोशनी व 10वीं में यामनी ने किया टॉप



**आरंग।** ग्राम कोरासी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के रिजल्ट में लड़कियों ने बाजी मारी। कक्षा 12वीं के मेरिट लिस्ट में लड़कियों ने टॉप किया हैं, वही कक्षा 10वीं के मेरिट लिस्ट में तीन लड़कियां सबसे आगे रहीं। कक्षा 12वीं रोशनी साहू ने 89.2 प्रतिशत, फुलेश्वरी यादव 82.6 प्रतिशत, नीलम साहू 79 प्रतिशत, केसरी साहू 79 प्रतिशत, सावित्री साहू 75.8 प्रतिशत व कक्षा 10वीं में यामनी पटेल 87.33 प्रतिशत, कुमकुम साहू 86.66 प्रतिशत, पूजा धुरव 86.5 प्रतिशत, श्रवण कुमार 86.5 प्रतिशत, हरीश कुमार 81.16 प्रतिशत प्राप्त किए। सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य वीरेंद्र कुमार टंडन, मीता सोनी, अशोक सोनवानी, भगदास बंजारे, सिंह सर, संजय मानिकपुरी, प्रभा साहू, युवा नेता खिलेश देवांगन, सरपंच बबिता किशोर बंजारे, पूर्व शिक्षक बीरबल आदि ने बधाई दी।

### कोहका और तुलसी के अतिक्रमण पर बुलडोजर



**तिल्दा नेवरा।** गुरुवार को अवैध अतिक्रमण पर तहसील प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाया गया है। ग्राम कोहका स्थित महाविद्यालय की बाउंड्री से लगा हुआ मेन रोड पर अवैध रूप से 2 दुकानों का निर्माण किया गया था और छत ढाल दी गई थी, शिकायत के बाद आज तहसीलदार ज्योति मशियारे दल बल के साथ एवं पुलिस प्रशासन के साथ उपस्थित होकर अवैध कब्जे को तोड़ा गया। यहां से अवैध अतिक्रमण तोड़े जाने के बाद अमला तुलसी पहुंचा जहां तिल्दा खरोरा मुख्य मार्ग पर स्थित निर्माणाधीन अवैध अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाए जाने की तैयारी की जा रही है। तहसीलदार ज्योति मशियारे ने बताया कि कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### निधन

#### रामस्वरूप वर्मा

**तिल्दा नेवरा।** वार्ड 19 तिल्दा बस्ती के प्रतिष्ठित नागरिक रामस्वरूप वर्मा (74) का गुरुवार शाम निधन हो गया। वे पार्षद व नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा (छोटू) एवं कपिल वर्मा के पिता थे। अंतिम संस्कार शुक्रवार 31 मई को सुबह 10 बजे तिल्दा बस्ती के मुक्तिधाम में किया जाएगा।



# महतारी वंदन योजना के बाद महतारी सदन, महिलाओं को गांव में ही मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में महिलाओं को राजगार दिलाने के लिए विष्णु देव सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। महिलाओं को उनके गांव में ही कामकाज मिले, इसके लिए महतारी सदन बनाए जाएंगे।

योजना के तहक हर ब्लॉक में 10 महतारी सदन होंगे। महतारी सदन के जरिए महिलाओं को रोजगार मिलेगा। एक जानकारी के मुताबिक विभाग पहले 1400 से ज्यादा महतारी सदन बनाने का काम करेगा। आने वाले कुछ सालों में सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन भी बनाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि विभाग ने महतारी सदन का डिजाइन भी तय कर लिया है। महतारी सदन को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेशभर में महिलाओं की ओर से इस संबंध में मांग की जा रही थी। महतारी सदन महिलाओं के उठने, बैठने और एक साथ जमा होने की जगह होगी। महिलाएं अपनी जरूरतों के हिसाब से इसका इस्तेमाल कर सकेंगी। योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास है।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा- प्रदेशभर से महिलाओं ने की थी मांग

### कुछ ऐसा हो सकता है महतारी सदन

मिली जानकारी के मुताबिक, एक महतारी सदन करीब 120 वर्गमीटर में बनेगा। इसके लिए जिला पंचायत के अध्यक्ष और सदस्यों से भवन के लिए प्रस्ताव भी मंगाए गए हैं। सरकार महिलाओं को गांव में ही रोजगार देना चाहती है। माना जा रहा है कि महतारी सदन बनाने में प्रदेश की बड़े पंचायतों को प्राथमिकता दी जाएगी। महतारी सदन में 2 कमरे व्यावसायिक उपयोग के लिए हो सकते हैं। एक हॉल होगा, जहां महिलाएं काम कर सकेंगी। यहां एक स्टोर रूम और किचन भी बनाया जाएगा। पानी के लिए ट्यूबवेल, सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।




### कांग्रेस ने साधा निशाना

महतारी सदन और रीपा को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द साहू ने कहा, सरकार नाम बदलकर, थोड़ा कलेवर बदलकर योजनाएं ला रही है। गोठान बंद करने की क्या जरूरत थी? रीपा की योजना बंद करने की क्या जरूरत थी? यह सिर्फ नाम बदलने का काम कर रही है।

## गुजरात, हावड़ा-मुंबई जाने वाले यात्री परेशान

# छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनें घंटों लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूरज की तेज तपन ने लोगों को जहां बेहाल किया हुआ है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली गुजरात, हावड़ा व मुंबई रूट की कई ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। इसके कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुरी से उधना सूरत गुजरात के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन सबसे ज्यादा 26 घंटे लेट है। यह ट्रेन पुरी से सुबह छूटकर उसी दिन शाम 6.55 मिनट पर रायपुर स्टेशन पहुंचती है, पर विलंब के कारण यह ट्रेन समय से 24 घंटे पीछे चल रही है। इसके कारण इस ट्रेन के दूसरे दिन शाम 6 बजे तक रायपुर पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा हावड़ा-अहमदाबाद, पुणे-हावड़ा, हावड़ा-पुणे, हावड़ा-पुणे-दुरंतो भी 14 घंटे से लेकर 20 घंटे तक लेट है। ये ट्रेनें भी 10 से 16 घंटे विलंब से पहुंचेंगी।

हरिभूमि सरोकार

देश में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने कई रेल मंडलों में तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। इसका असर कई रूट की ट्रेनों पर भी पड़ रहा है। कई ट्रेनों को तो परिवर्तित मार्ग से होकर भी चलाया जा रहा है। इसके कारण कई ट्रेनें या तो घंटों विलंब से चल रही हैं या फिर उन्हें रद्द किया जा रहा है। तीसरी और चौथी लाइन निर्माण का सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी की ट्रेनों पर पड़ रहा है, जिसके कारण यात्रियों की परेशानी भी बढ़ी हुई है। ट्रेनों की लेटलतीफी और रद्द किए जाने के कारण कई

## पुरी से उधना सूरत गुजरात के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन सबसे ज्यादा 26 घंटे लेट





### कौन सी ट्रेन कितने घंटे लेट

| | |
|---|---|
| पुरी-उधवा स्पेशल | 26 घंटे 39 मिनट |
| पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस | 20 घंटे 32 मिनट |
| हावड़ा-पुणे-दूरंतो एक्सप्रेस | 14 घंटे 26 मिनट |
| पुणे-हावड़ा-अहमदाबाद एक्स. | 15 घंटे 27 मिनट |
| सीएसटी-हावड़ा गीतांजली | 3 घंटे 3 मिनट |
| मुंबई-शालीमार सु.फा. एक्स | 4 घंटे 6 मिनट |
| हैदराबाद-पटना स्पेशल | 4 घंटे 23 मिनट |
| हावड़ा-मुंबई समरसता एक्सप्रेस | 3 घंटे 95 मिनट |

### कैंसिल करा रहे टिकट

ट्रेनों के घंटों विलंब से चलने के कारण कई यात्रियों को अपनी यात्रा स्थगित कर रिजर्वेसन कैंसिल कराना पड़ रहा है। 15 घंटे से लेकर 26 घंटे तक विलंब से चल रही पुरी-गुजरात, हावड़ा और मुंबई की ट्रेनों में सफर करने के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग सहित कई स्टेशनों से यात्रियों ने रिजर्वेसन कराया है। इनमें से कई यात्रियों ने टिकट भी कैंसिल कराया है। हालांकि प्रदेश से कुल कितने यात्रियों ने अब तक अपनी टिकट कैंसिल कराया है, इसकी जानकारी रेलवे के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं।

# चौकीदार की हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी तथा तीन नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व ट्रांसपोर्ट के चौकीदार की अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। चौकीदार की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी, नाबालिग बेटा, मृतक की साली का बेटा तथा भिलाई के दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह मृतक द्वारा अपनी साली के बेटा के साथ मारपीट करने सहित अपनी पत्नी तथा साली के चरित्र को लेकर गलत अफवाह फैलाना है।

पुलिस के मुताबिक कल्याण यादव उर्फ लल्लू की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी रोहणी यादव, साली का बेटा आदित्य यादव, मृतक का नाबालिग बेटा तथा भिलाई के दो नाबालिगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कल्याण यादव की लाश आमानका के जेपी गार्डन के नाले में 24 मई को मिली थी। मृतक के शरीर पर तथा सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने मामले की पड़ताल करते हुए कल्याण की पत्नी तथा परिजनों से पूछताछ की, तो उन लोगों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद संदेहियों से अलग-अलग बयान लेने पर विरोधाभाष सामने आया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की, तो मृतक की पत्नी ने हत्या की बात कबूल की।



### 50 हजार रुपए में दी हत्या की सुपारी

पुलिस के अनुसार आदित्य भिलाई खुर्सीपार में रहता है। उसने अपनी बड़ी मां रोहिणी को उसके पति की हत्या करने भिलाई के दो लड़कों को 50 हजार रुपए देकर हत्या कराने की जानकारी दी। इसके बाद घटना दिनांक को कल्याण को उसका नाबालिग बेटा आमानका ब्रिज पर लेकर आया। कल्याण के ब्रिज पर आते ही हत्या की ताक में बैठे नाबालिगों ने कल्याण के सिर पर पत्थर तथा चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और लाश नाले में फेंक दी।

■ हत्या करने भिलाई के दो नाबालिगों को 50 हजार रुपए की दी थी सुपारी

### मारपीट, चरित्र संदेह हत्या की वजह

मामले की पड़ताल के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि पति से विवाद होने की वजह से रोहणी अपने पति से अलग रहती है। साथ ही पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के एक सप्ताह पूर्व कल्याण का अपनी साली के बेटे के साथ विवाद हुआ था। विवाद के कारण कल्याण ने अपनी साली के बेटे के साथ मारपीट की थी। इसके बाद रोहणी तथा मृतक की साली का बेटा अदित्य ने कल्याण की हत्या करने प्लानिंग की। हत्या की प्लानिंग में रोहणी ने अपने नाबालिग बेटे को भी शामिल कर लिया।

# 115 अनाधिकृत बोर्ड गैस कटर से काटकर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यावसायिक मार्गों पर स्थित दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड को निगम ने गैस कटर से काटा। इनके कारण वाहनों की पार्किंग में असुविधा होने के साथ ही ट्रैफिक जाम की समस्या से आम जनता को जूझना पड़ रहा था। निगम अमले ने गुरुवार को अभियान चलाकर 115 अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड को गैस कटर से काटकर जब्त किया। राजधानी के रिंग रोड से लेकर कटोरा तालाब, जीई रोड से लेकर गोल चौक होते हुए रिंग रोड जाने वाले मार्ग पर निगम अमले ने अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड हटाने अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर फुटपाथ पर अधिक संख्या में लोहे के फ्रेम से बने निगम से बिना अनुमति लिये लगाये बोर्ड को हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम जोन 4, 5,10 और निगम मुख्यालय के उड़नदस्ते ने संयुक्त रूप से यातायात बाधित कर रहे दुकानों के सामने लगे अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड को जब्त कर संबंधित जोन कार्यालयों में रखा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के सभी व्यावसायिक मार्गों पर पार्किंग व यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे दुकानों के सामने लगाये गये अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड और दुकान के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश सभी जोन कमिश्नरों को दिये हैं।




■ दुकानों के सामने बिना अनुमति के विज्ञापन बोर्ड से ट्रैफिक जाम, पार्किंग में दिक्कत

# महिला की हत्या के आरोप में फरार पति हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

30 मई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सातपारा में बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आपसी विवाद के बाद आरोपी पति ने फावड़े से प्राणघातक वार कर घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सातपारा निवासी बुजुर्ग दंपत्ति खोरबाहरा बंजारे (75) व रेवती बाई बंजारे (72) का 28-29 मई की दरमियानी रात को किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया था जिस पर खोरबाहरा बंजारे ने आक्रोश में आकर फावड़े से रेवती बाई सिर, गला व सीने में फावड़े से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। सुबह गांव वालो ने मृतका की बेटी ग्राम बगौद थाना कुरूद निवासी मीना डहरे को इसकी जानकारी दी व उसने सभी परिजनो को जानकारी देकर गांव बुलाया। समय पर पुलिस नही पहुंचती तो मृतका का अंतिम संस्कार हो जाता- प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजनो ने मृतका के अंतिम संस्कार की सारी तैयारियां कर ली थी तभी गांव वालो ने अभनपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता से मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया व पुलिस को मृतका के पति के गायब होने की जानकारी मिलने पर शक के आधार पर पाताशाजी की जिस पर आरोपी के रायपुर में होने की जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने आवेश में आकर हत्या करना स्वीकार किया।



### धीवर समाज के 201 विद्यार्थियों का होगा सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम के संयुक्त तत्वावधान में समाज के 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी, जिनका नाम 2024 के प्रावीण्य सूची में है, इसके अलावा ऐसे विद्यार्थी, जो खेलकूद एवं गीत-संगीत के क्षेत्र में जिला या राज्य स्तर में अपने बेहतर प्रदर्शन से समाज को गौरवान्वित किए हैं, ऐसे 201 विद्यार्थियों का सम्मान करेंगे। साथ ही 10वीं एवं 12वीं के छात्र के लिए कैरियर काउंसिलिंग 2 जून को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रायपुर के सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में की जाएगी।

### हरियाणा की तर्ज पर छग में 30 तक हो गर्मी की छुट्टी

**आरंग।** पूरा प्रदेश गर्मी की चपेट में है, बिहार में विभिन्न स्कूलो के लगभग 50 बच्चो के बेहोश होने की घटना के साथ–साथ कई जगहो मे आगजनी की घटनाएं प्रकाश में आयी है। इस प्रतिकूलता के चलते हरियाणा सरकार ने बच्चो के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए 30 जून तक ग्रीष्मावकाश को बढा दिया है। भीषण गर्मी के चलते अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रें की शालाओ में पेयजल जैसी जरूरी सुविधाओं का अभाव है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रें में छोटी माता व पानी से संबंधित अन्य रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है।शिक्षक कल्याण संघ के प्रवक्ता छत्रधर दीवान ने ग्रीष्मकालीन अवकाश पर विचार करने की मांग की है।

न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा
जिला - रायपुर (छ.ग.)
रा.मा.क्र. 202405110300083/
अ 21 वर्ष 2023-24
ग्राम - ओटगन, प.ह.नं. 7, रा.नि.मं.-तिल्दा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक नारायण ध्रुव पिता बृजलाल ध्रुव जाति-गोंड, निवासी ग्राम-लांजा, तहसील-सिमगा, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.) द्वारा ग्राम ओटगन, प.ह.नं. 7 स्थित भूमि खसरा नंबर 476/2 रकबा 0.150 हे. को रमेश यदु पिता स्व. रामजी यदु निवासी-ओटगन के पास राशि 6,00,000.00 रू. चुकता में विक्रय कर प्राप्त राशि से ग्राम-बिनेका, तहसील- सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 10/2 रकबा 0.400 हे. को भूमिस्वामी अर्जुन ध्रुव पिता बिरझू ध्रुव से राशि 4,10,000.00 रू. चुकता में क्रय करने सौदा तय किया है, अतः ग्राम ओटगन स्थित अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि बिक्री मंजूरी प्रदान करने आवेदन पत्र पेश किया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे / आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 05.06.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया ।

(मो. नंबर 9327293746) तहसीलदार
मुहर तिल्दा-नेवरा
जिला - रायपुर (छ.ग.)

## पेज 11 के शेष...

### 2015 के बाद पहली...

तापमान 43 डिग्री तक पहुंचा था। यह 24 मई को दर्ज हुआ था। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे दिन में विशेषकर दोपहर 12 बजे से 4.30 बजे के मध्य घरों से ना निकलें। इस वक्त तापमान सर्वाधिक रहता है। अस्पतालों की ओपीडी में हीट वेव के मरीज बढ़ने लगे हैं। दोपहर बाद आसमान में छाए बादलों को देखकर लोगों में राहत की उम्मीद जगी, लेकिन कोई असर शहर के तापमान पर नहीं दिखा। शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग पर भी दोपहर में सन्नाटा पसर गया है। विशेषकर दोपहर में शहर के मुख्य बाजारों में भी सूनापन है। सूर्य ढलने के बाद ही लोग शाम को घरों से निकल रहे हैं।

### रातें भी गर्म और...

और गर्मी के कारण पशु-पक्षी भी परेशान हैं। जिन क्षेत्रों में पानी की किल्लत है, वहां के रहवासियों को अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा ट्रैफिक सिग्नल के पास पंडाल लगाए गए हैं, ताकि राहगीर बत्ती हरी होने तक छांव में इंतजार कर सकें। प्याऊ सहित अन्य व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

### कचरा हटा, अब ...

के लिए खेल मैदान विकसित किया जायेगा। एक तिहाई हिस्से में वन विभाग से कैंपा मद में पौधे लेकर बड़े पैमाने पर व पौधारोपण कराने की योजना है। जमीन के एक हिस्से में नगर निगम द्वारा खरीदी जाने वाली ई बसों को खड़ा करने बस यार्ड और ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए जगह सुरक्षित रहेगी। चौड़ा एरिया जो सड़क से लगा हुआ है, उसका उपयोग पार्किंग के लिए किया जायेगा।

### कर्मचारियों ने ही ...

दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने गार्ड मनमोहन आडिल के सा, कृष्ण कुमार बंजारे, साहेबलाल बंजारे तथा रोशन कन्नौजे को गिरफ्तार किया है। पूरा मामला इस प्रकार से है, घटना दिनांक को बीरगांव के पार्षद हेमलाल साहू तथा डिगेश्वर सिन्हा ने ओवर रेट में शराब बेचने का आरोप लगाता हुए रोशन से शराब देने की मांग की। रोशन ने पार्षदों को शराब देने से इनकार कर दिया। इस बात को लेकर दोनों पार्षदों ने रोशन के साथ मारपीट की। घटना के बाद रोशन दोनों पार्षदों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने गया। इसी दौरान शराब दुकान के गार्ड सहित कर्मियों ने शराब दुकान की रकम चोरी करने का प्लान बनाया।

### सीसीटीवी से पकड़े...

फूटेज में दिखा। पुलिस को मौके पर लूट जैसी घटना होने का किसी तरह से कोई फूटेज नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तो उन लोगों ने शराब दुकान से रुपए चोरी करने का अपराध कबूल किया।

### ईडी के बाद ईओडब्लू...

पद का दुरुपयोग कर कारोबारियों से साठ-गांठ कर माइनिंग ट्रांसपोर्टिंग से लेकर उत्खनन करने का ठेका देने में गड़बड़ी की है। ईओडब्लू के अफसर इन्हीं गड़बड़ियों की जांच कर रहे हैं, जबकि ईडी मनी लांड्रिंग के एंगल से जांच कर रही है। इसी बात को लेकर पूछताछ करने ईओडब्लू की टीम जेल में बंद आरोपियों से दो दफा पूछताछ कर चुकी है। नए तथ्य सामने आने पर राज्य की जांच एजेंसी आरोपियों से नए सिरे से पूछताछ करने रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

### शराब मामले में यूपी...

उत्तरप्रदेश, नोएडा की कासना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद एक माह पूर्व उत्तरप्रदेश पुलिस ने होलोग्राम बनाने वाली कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी और सेक्योरिटी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विधू गुप्ता को गिरफ्तार किया है। विधू से पूछताछ के आधार पर लखनऊ एसटीएफ की टीम ने अनवर ढेबर से पूछताछ करने प्रोटक्शन वारंट पर अपने साथ लखनऊ ले जाने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। अनवर को लखनऊ ले जाने एसटीएफ के आवेदन पर 12 या 13 जून को कोर्ट में सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि नकली होलोग्राम बनाने के मामले में नोएडा पुलिस ने अनवर ढेबर के अलावा अनिल टूटेजा, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह समेत 5 से 7 लोगों को आरोपी बनाया है।

**नकली होलोग्राम से चार सौ ट्रक शराब खपाने का आरोप**

होलोग्राम कंपनी की डायरेक्टर पर आरोप है कि उसने 90 लाख रुपए रिश्वत देकर शराब के लिए होलोग्राम बनाने का टेंडर लिया था। साथ ही प्रति होलोग्राम आठ पैसे कमीशन देने का वायदा किया था। इसके बाद नकली होलोग्राम को डायरेक्ट डिस्टलरीज में भेजकर नकली शराब की बोतलों में चस्पा कर राज्य के 15 जिलों में वर्ष 2019 से 2022 के बीच चार सौ ट्रक नकली शराब खपाने का आरोप है।

### ऑटोनॉमस कॉलेजों...

कई बदलाव इस बार किए जाएंगे। बीते सत्र में पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा ऑटोनॉमस कॉलेजों को यह अधिकार दे दिया गया था कि वे चाहें वे अपने महाविद्यालयों के लिए पृथक आवेदन मंगा सकते हैं, जबकि अन्य कॉलेजों के लिए सेंट्रलाइज्ड व्यवस्था अपनाई गई थी। ऐसा इसलिए किया गया था, क्योंकि ऑटोनॉमस महाविद्यालयों में पिछले सत्र में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चार वर्षीय सेमेस्टर बेस्ड स्नातक पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई थी। शेष महाविद्यालयों में तीन वर्षीय वार्षिक परीक्षा प्रणाली आधारित स्नातक पाठ्यक्रम ही लागू था। हालांकि केवल डिग्री गर्ल्स कॉलेज द्वारा ही स्वतंत्र रूप से आवेदन मंगाए गए थे। अन्य महाविद्यालयों द्वारा आवेदन के लिए पोर्टल तैयार नहीं होने के कारण रविवि की वेबसाइट के जरिए ही फॉर्म भराए गए थे।

### च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट...

अन्य संकाय के विषय पढ़ने का भी मौका मिल सके और उनके ज्ञान में वृद्धि हो। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन के दौरान सभी विषयों के विकल्प अब प्रदान करने होंगे। यही वजह है कि आवेदन के लिए पोर्टल अपडेट करने और छात्रों को सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन का विकल्प देने के लिए माथापच्ची की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### शहर में लूट और चेन स्नेचिंग के बढ़ते मामले चिंतनीय

**रायपुर।** लूट एवं चेन स्नेचिंग पर चिंता जाहिर करते हुए रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा है कि पचपेड़ी नाका एवं फाफाडीह चौक जैसे बड़े चौराहों से इस प्रकार के आपराधिक तत्व ऑटो में सवार होकर शहर की विभिन्न जगहों में ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं, इसकी जानकारी पूर्व में भी विभाग के अधिकारियों को दी गई थी, किंतु अभी तक इस प्रकार की घटनाओं में शामिल आरोपी नहीं पकड़े गए हैं। कुछेक घटनाओं के पकड़े भी गए तो वहीं दूसरी घटना हो जाती है। यहां यह विचारणीय प्रश्न है कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद भी इस पर किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही न होने से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलता है। अतः जिला एवं पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि इस प्रकार की लगातार हो रही घटनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए एक विशेष टीम का गठन करें और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करें।



### सॉफ्टवेयर इंजीनियर के यहां लाखों की चोरी

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अज्ञात चोर के खिलाफ पांच तोला सोना तथा एक किलो चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी योगेश डागा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। योगेश ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने छत के रास्ते मकान के अंदर प्रवेश किया और कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में आलमारी तथा लॉकर का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

### लाइन लगने के विवाद पर जानलेवा हमला



**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र की अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने लाइन लगने के विवाद पर दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय डांडे की शिकायत पर खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव, घनश्याम सोनी, ओम वर्मा, नर्मदा प्रसाद वर्मन तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। बदमाशों ने संजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल किया था। बीचबचाव करने आए एक अन्य युवक पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला किया।

### एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये। एक्सप्रेस वे तेलीबाँधा के अलावा शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरा ग्रुप के एम डी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा,जोन 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव के साथ किया।

# समय पर बिजली की खराबी ठीक न करने वाले अधिकारियों पर गिरेजी गाज

## ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया और जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा है, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पी. दयानंद ने बैठक में विस्तार से इन समस्याओं का कारण पूछा, तो अधिकारियों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में विद्युत उपकेन्द्र तथा लाइनों की स्थापना जैसे अधोसंरचना के विकास के कार्यों में बहुत रुकावट आई थी। अनेक कारणों से विद्युत विकास कार्यों में प्रगति नहीं हो पाई, जिसका विपरीत असर वर्तमान समय में दिखाई पड़ रहा है। गर्मी के कारण जहां सर्वाधिक मांग दर्ज की जा रही है, उसके अनुरूप आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन जिन स्थानों पर कार्य स्वीकृत है, टेंडर हो चुके हैंष बजट की समस्या नहीं है, वहां भी उचित मानीटरिंग नहीं होने के कारण वांछित प्रगति नहीं हो पाई है।

श्री दयानंद ने इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ऐसे कार्यों की सूची तलब की है। जशपुर जिले में 15 विद्युत उपकेन्द्र स्वीकृत होने के बावजूद वहां कार्य पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया।





### वर्तमान समय में मौसम के कारण आ रही हैं दिक्कतें

बैठक में बताया गया, यदि ये कार्य समय पर हो गए होते, तो मौसम के कारण वर्तमान समय में जो दिक्कतें आ रही हैं, उनका समाधान हो गया होता। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में बाधा और लंबे समय तक आपूर्ति बहाल नहीं होने वाले प्रकरणों की सूची भी तलब की है, ताकि जिम्मेदारी का निर्धारण किया जा सके। मांढर जिला रायपुर, मनेन्द्रगढ़, भाटापारा, कोपरा, भानुप्रतापपुर, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर आदि स्थानों से आई जानकारी के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने अनेक स्थानों पर पारेषण तथा वितरण तंत्र की मजबूती के लिए हुई अच्छी प्रगति की जानकारी भी दी तथा बताया, आचार संहिता के कारण भी बहुत से कार्य प्रभावित हुए हैं जिन्हें आचार संहिता समाप्त होते ही तेजी से पूर्ण किया जाएगा। बैठक में भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक (वितरण), राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक(वितरण-परियोजना), संजय पटेल, कार्यपालक निदेशक (पारेषण-परियोजना) उपस्थित थे।

### भोमिया जी व मां पद्मावती महापूजन कल, अनुष्ठान की तैयारियां जोरों पर

**रायपुर।** विमलनाथ जैन श्वेताबर मंदिर ट्रस्ट द्वारा 1 जून को भोमियाजी महापूजन और 2 जून को मां पद्मावती देवी का महापूजन विधि-विधान से किया जायेगा। मंदिर की रजत जयंती के अवसर पर इस आयोजन को करने में 108 लोगों की सहभागिता है। दो दिवसीय अनुष्ठान कराने महेंद्र सागरजी महाराज के शिष्य मनीषी उपाध्याय, मनीष सागर महाराज के शिष्य मुनिराज और विवेक सागर महाराज विशेष रूप से शामिल होंगे। इन अनुष्ठानों के मार्गदर्शक सिरोही, राजस्थान निवासी मनोजकुमार बाबूमल हरण होंगे। विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के विनोद सोनीगरा व अरुण बरलोटा ने बताया, ये दोनों ही महानुष्ठान नाकोड़ा भैरव सोसाइटी के विमलनाथ मंदिर परिसर स्थित हीरसूरी भवन में होंगे। इसकी जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। विवेक सागर महाराज की प्रवचन सभा व सेमिनार 'कॅरियर विथ केरेक्टर' 3 जून को नाकोड़ा भैरव सोसाइटी की करुणा सिंगी, हर्षिता टाटिया, सूरज झाबक ने बताया कि आयोजन के तीसरे दिन 3 जून को प्रातः 8.45 से मुनिराज विवेक सागर महाराज की प्रवचन सभा होगी। प्रवचन के बाद विशिष्ट अतिथि अमन जैन द्वारा कॅरियर विथ कैरेक्टर विषय पर उद्बोधन होगा।



## शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

# डीडी नगर रहवासी कालोनी में बिना पार्किंग के बन रहे व्यावसायिक परिसर

हाउसिंग बोर्ड का व्यावसायिक परिसर निगम के हवाले रहवासियों ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रहवासी कालोनी में बिना पार्किंग के बने व्यासायिक परिसर से रहवासी परेशान हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई यह रहवासी कालोनी नगर निगम को हैंडओवर हुई, पर परिसर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने के बाद इसे पूरी तरह व्यावसायिक परिसर करने को लेकर रहवासी खासे नाराज हैं। डीडी नगर निवासी देवेन्द्र गुप्ता, अक्षय दीवान, प्रकाश यादव का कहना है कि इसकी मौखिक शिकायत वार्ड पार्षद और निगम प्रशासन से की है, पर अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

दरअसल, डीडीनगर के कंचनगंगा अश्व परिसर के सामने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का एक व्यावसायिक परिसर है। इसमें कुछ दुकानें और ऊपर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय है। यह डीडीनगर वासियों के लिए एक छोटा सरकारी बनाया हुआ बाजार है। इस परिसर के लिए पार्किंग बनाई गई है, पर इसमें 12 महीना पानी भरा रहता है। इस कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे और आने-जाने वाले सड़क पर ही अपनी गाड़ियां पार्क कर देते हैं। इसके कारण आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। यही नहीं, कई बार जाम लगने से डीडी नगर गार्डन, सेंट्रल स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, बंजारी नगर, एनआईटी और साइंस कालेज जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक अब पासपोर्ट कार्यालय के सामने नया व्यावसायिक परिसर बन रहा है। 4 मंजिला परिसर में दर्जनों दुकानें निकाली जा रही हैं, पर अचंभा की बात ये है कि परिसर में पार्किंग की सुविधा नहीं दी गई। इसी तरह कई इलाकों में दुकानें बना दी गई हैं। गोलचौक पर भी जाम के हालात हैं। यहां सड़क पर वाहन खड़े होने की वजह से आवाजाही मुश्किल हो रही है।

बिना पार्किंग के हाउसिंग बोर्ड के मकान को पूरी तरह व्यावसायिक करने को लेकर रहवासी नाराज हैं। उनका ये भी कहना है, यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ेगी।

# छत्तीसगढ़ को देश में सुपरफूड का केंद्र बनाने, फसल चक्र, जैविक खेती तथा तकनीकी पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने कृषि एवं वानिकी विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग के सभाकक्ष में गुरुवार को हुई। कृषि एवं वानिकी से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए। उल्लेखनीय है कि विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का उत्तरदायित्व राज्य नीति आयोग को सौंपा गया है। सितंबर तक विजन डॉक्यूमेंट का अंतिम रिपोर्ट तैयार करने अलग-अलग विषयों पर आठ वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ को भारत में सुपरफूड का केंद्र बनाने, छत्तीसगढ़ को प्रसंस्कृत सुपरफूड का पॉवर हाउस बनाने, वानिकी उत्पादों के साथ मजबूत ब्रांड का निर्माण करने, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का कार्यान्वयन, कौशल उन्नयन और बुनियादी ढांचे में निवेश, फसलों का पैदावार बढ़ाने पर जोर दिया गया। वहीं मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए बागवानी पर ध्यान केंद्रित करने, कृषि सेवा केंद्र को बढ़ाने, किसानों के लिए पर्याप्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। मृदा जांच तथा छत्तीसगढ़ को जड़ी-बूटी और वनोपज के केंद्र के रूप में विकसित करने, वनोपज व्यापार केंद्र बनाने, भंडारण प्रसंस्करण और परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा बनाने, किसानों को सक्षम बनाने राज्य सरकार द्वारा की जा रही पहल, लघु वन उपजों की मजबूती, जल और सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

### कृषि भूमि के बेहतर उपयोग अन्य विषयों पर चर्चा

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण के लिए अपने सुझाव दिए। अजय सिंह ने कृषि भूमि के बेहतर उपयोग एवं बहुफसल प्रथाओं को बढ़ाने की क्षमता, प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय में बढ़ोतरी, किसानों के लिए बेहतर ऋण की सुविधा, उन्नत तकनीकी की आवश्यकता उत्पादकता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक खेती जैसे विषयों को डाक्यूमेंट में शामिल करने की बात कही।

# सोने से पहले चांदी बन जाएगी लखपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने एक साथ कीमत में दौड़ लगाने का काम प्रारंभ किया था। काफी समय तक दोनों की कीमत आस-पास रही, लेकिन लगता है कि अब चांदी कभी भी लखपति बन जाएगी और सोने को लखपति बनने में समय लगेगा।

चांदी की कीमत लगातार नया इतिहास लिख रही है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि चांदी की सबसे ज्यादा खरीदारी करने का काम इस समय चीन कर रहा है। इसी के साथ भारत में सौर ऊर्जा के लिए सोलर पैनल भी बनाने का काम ज्यादा हो गया है। इसमें भी चांदी का उपयोग होता है। केंद्र सरकार ने एक करोड़ परिवारों के घरों की छत पर सोलर पैनल से बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। इसी के साथ देश में बिजली की कमी को देखते हुए सौर्य ऊर्जा से बिजली बनाने के नए-नए बड़े संयंत्र भी लगाए जा रहे हैं। प्रदेश के राजनांदगांव में भी इस साल सौ मेगावाट का एक बड़ा संयंत्र लगा है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को बिजली भी मिल रही है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक चांदी का 60 फीसदी उपयोग तो मोबाइल समेत अन्य उपकरणों और चांदी के बर्तन बनाने में होता है देश के साथ अपने प्रदेश में चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। बीते दो माह से इसकी कीमत में ज्यादा ही इजाफा हुआ था। अप्रैल से पहले चांदी की कीमत 80 हजार से कम थी, लेकिन अब दो माह में कीमत एक लाख के करीब हो गई है। मई में पहले एक बार कीमत कीमत 97 हजार के पार हो गई थी, लेकिन इसके बाद कीमत में कुछ कमी होने से कीमत 93 हजार के करीब आई गई, लेकिन अब वापस कीमत फिर से 97 हजार के पार हो गई है। आने वाले माह में इसकी कीमत के एक लाख तक जाने की पूरी संभावना है।

# प्रतीक्षालय में सो रहे युवक पर चढ़ा दी कार, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रोडरेज का मामला सामने आया है। एक कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए प्रतीक्षालय में घुसा दी, जहां सो रहा एक युवक कार की चपेट में आ गया। घायल युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक दुर्ग का रहने वाला था। घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात की है।

पुलिस के अनुसार कार की चपेट में आने से दुर्ग सिंधी कालोनी निवासी रवि खेतपाल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को मैग्नेटो मॉल के पास बने प्रतीक्षालय में रवि सो रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार सीजी-04 पीएन-3215 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए शेड से बने प्रतीक्षालय में घुसा दी। घटना के समय रवि प्रतीक्षालय में सो रहा था। कार की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बुधवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।



### नशे में धुत होने की आशंका

घटना के पुलिस ने जो सीसीटीवी फूटेज बरामद किए हैं, उसमें कार चालक के नशे में धुत होने की पुलिस को आशंका है। इसकी वजह कार काफी ज्यादा रफ्तार होने के साथ लहराकर चल रही है। गौरतलब है कि वीआईपी मार्ग पर कई बड़े होटल तथा क्लब संचालित हैं, जहां देर रात तक शराबखोरी होती है, इसके चलते आए दिन इस क्षेत्र में एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

# कुलसचिव को हटाने की मांग, निजी यूनिवर्सिटी के खिलाफ भी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरुवार को प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों में दो छात्र संगठनों ने अपना विरोध दर्ज करवाया। आचार संहिता लागू होने के कारण छात्रों ने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने स्थान पर शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याएं गिनवाईं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कुलसचिव की डिग्री और नौकरी पर सवाल उठाते हुए उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर छात्रों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की।

इधर, एनएसयूआई ने अंजनेय यूनिवर्सिटी पर आरोप लगाया है कि विवि प्रबंधन द्वारा शुल्क ना चुकाए जाने पर छात्रों को परीक्षा में ना बैठने देने की धमकी दी गई है। छात्रों के विरोध के बाद सभी को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की बात अंजनेय विवि प्रबंधन द्वारा कही गई, लेकिन फीस पूर्ण रूप से नहीं भरे जाने तक अंकसूची छात्रों को नहीं दी जाएगी। नरदहा स्थित अंजनेय यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आगामी ट्यूशन फीस जमा नहीं करने पर छात्र-छात्राओं को परीक्षा से वंचित करने को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन मे प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, मोनू तिवारी, तारिक खान, विशाल मानिकपुरी, पुनेश्वर लहरे, गावेश साहू, रजत ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।



### फर्जी तरीके से हासिल की डिग्री और नौकरी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवि के कुलसचिव पर फर्जी तरीके से डिग्री और नौकरी करने का आरोप लगाया है। उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर छात्रों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की है। एबीवीपी का कहना है, कुलसचिव की योग्यता और अनुभव से संबंधित दस्तावेज चौथी बार जांच में फर्जी पाए गए हैं। प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने सहित अन्वित दीक्षित, सुजल गुप्ता, योगेश साहू, निखिल तिवारी, अक्षत गोस्वामी व अन्य छात्र इस दौरान मौजूद रहे।

# बगैर लाइसेंस, परमिट के चल रहे ऑटो के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अनदेखी कर बगैर ड्राइविंग लाइसेंस तथा बगैर परमिट के चल रहे 43 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके ऑटो जब्त कर जुर्माना राशि वसूल की है। पुलिस के मुताबिक जिन ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें 13 ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसी तरह से 21 ऑटो चालकों के पास ऑटो चलाने परमिट नहीं था। इसके साथ ही 10 अन्य ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### गड्ढा पाट रहे मजदूर के साथ मारपीट

**रायपुर।** गंज थाने में एक वृद्ध ने अपने पड़ोसी तथा उसके बेटे के खिलाफ मजदूर के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र नगर सेक्टर-3 निवासी चंद्रकांत टांक ने नीलेश आनंदपरा तथा उसका बेटा पार्थ के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रकांत ने पुलिस को बताया कि उनके कांप्लेक्स के सामने रोड में गड्ढा हो गया था, जिसे वह मजदूर बुलवाकर भरवा रहा था। इस बात से नाराज होकर निलेश तथा उसके बेटे द्वारा मजदूर के साथ मारपीट करने तथा बीचबचाव करने पर अपने साथ भी मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411






हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 मई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

बच्चों व उनके स्कूल बैग को बचाएंगे ...

# सेहत भूमि






# विश्व तंबाकू निषेध दिवस



## भूमिका

हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू के उपयोग और इसके प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। इस दिन को मनाने की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 1987 में की थी। इसका मुख्य उद्देश्य तंबाकू के उपयोग को कम करना और तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और मौतों को रोकना है।

## तंबाकू का प्रभाव

तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। तंबाकू के सेवन से कई गंभीर बीमारियाँ होती हैं, जैसे कि फेफड़े का कैंसर, मुंह का कैंसर, दिल की बीमारियाँ, और सांस की समस्याएँ। तंबाकू में निकोटिन नामक पदार्थ होता है जो नशे की लत पैदा करता है। यह लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करती है।

## तंबाकू और पर्यावरण

तंबाकू के सेवन का पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तंबाकू की खेती से वनों की कटाई होती है और जल संसाधनों का अत्यधिक उपयोग होता है। इसके अलावा, तंबाकू उत्पादों का निर्माण और उनकी पैकेजिंग पर्यावरण को प्रदूषित करती है। सिगरेट के बट्स और अन्य तंबाकू उत्पादों का कचरा पर्यावरण में बहुत समय तक रहता है और मिट्टी और जल को प्रदूषित करता है।

## तंबाकू निषेध के उपाय

तंबाकू के सेवन को रोकने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं:

1. **शिक्षा और जागरूकता :** लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में तंबाकू निषेध के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।
2. **कानूनी उपाय :** तंबाकू उत्पादों की बिक्री और विज्ञापन पर सख्त पाबंदियाँ लगाई जानी चाहिए। तंबाकू उत्पादों के पैकेजिंग पर चेतावनी संदेश अनिवार्य किए जाने चाहिए।
3. **स्वास्थ्य सेवाएँ :** तंबाकू छोड़ने के लिए चिकित्सा सहायता और परामर्श सेवाएँ प्रदान की जानी चाहिए। निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी और तंबाकू छोड़ने की दवाइयाँ उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
4. **समुदाय की भूमिका :** समाज में तंबाकू सेवन के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना आवश्यक है। समुदाय में समर्थन समूह और तंबाकू निषेध अभियान चलाए जाने चाहिए।

## तंबाकू छोड़ने के लाभ

तंबाकू छोड़ने के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं:

1. **स्वास्थ्य में सुधार :** तंबाकू छोड़ने से फेफड़े और हृदय की कार्यक्षमता में सुधार होता है। कैंसर, हृदय रोग और सांस की बीमारियों का जोखिम कम होता है।
2. **जीवन प्रत्याशा में वृद्धि :** तंबाकू छोड़ने से जीवन प्रत्याशा में वृद्धि होती है। धूम्रपान छोड़ने के बाद व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा में 10 साल तक की वृद्धि हो सकती है।
3. **आर्थिक लाभ :** तंबाकू छोड़ने से आर्थिक रूप से भी लाभ होता है। तंबाकू उत्पादों पर खर्च होने वाला पैसा बचाया जा सकता है और स्वास्थ्य सेवा पर खर्च कम हो जाता है।
4. **परिवार और समाज पर सकारात्मक प्रभाव :** तंबाकू छोड़ने से परिवार और समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। परिवार के सदस्यों को पासिव स्मोकिंग के खतरों से बचाया जा सकता है।

## शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव

1. **कैंसर :** तंबाकू के सेवन से कई प्रकार के कैंसर होते हैं, जिनमें फेफड़े, मुंह, गला, और पैंक्रियास का कैंसर प्रमुख हैं। धूम्रपान करने वालों में फेफड़े के कैंसर का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में 15 से 30 गुना अधिक होता है।
2. **हृदय रोग :** तंबाकू का सेवन हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाता है। इसमें उच्च रक्तचाप, कोरोनरी धमनी रोग, और दिल का दौरा शामिल हैं। तंबाकू में मौजूद निकोटिन रक्त वाहिकाओं को संकुचित करता है, जिससे रक्तचाप बढ़ता है और हृदय पर दबाव बढ़ता है।
3. **श्वसन संबंधी समस्याएँ :** तंबाकू के धुएं में मौजूद हानिकारक रसायन फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (COPD), एम्फ़ाइसेमा और ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियाँ हो सकती हैं। धूम्रपान से अस्थमा के लक्षण भी बढ़ सकते हैं।
4. **प्रजनन संबंधी समस्याएँ :** तंबाकू का सेवन पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रजनन समस्याओं का कारण बन सकता है। पुरुषों में यह शुक्राणु की गुणवत्ता को कम करता है, जबकि महिलाओं में यह प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है और गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं का खतरा बढ़ा सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव

1. **नशे की लत :** तंबाकू में मौजूद निकोटिन अत्यधिक नशे की लत पैदा करता है। यह मस्तिष्क के रासायनिक संतुलन को प्रभावित करता है, जिससे मानसिक तनाव, चिंता, और अवसाद का खतरा बढ़ता है।
2. **मूड स्विंग्स :** निकोटिन की लत से मूड में अस्थिरता आती है। धूम्रपान करने वाले लोग अक्सर चिड़चिड़े हो जाते हैं और उन्हें गुस्सा आता है, खासकर जब वे धूम्रपान नहीं कर पाते।

## सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभाव

1. **आर्थिक बोझ :** तंबाकू उत्पादों पर खर्च किया गया पैसा स्वास्थ्य, शिक्षा, और परिवार की अन्य जरूरतों पर खर्च नहीं हो पाता। तंबाकू के सेवन से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के इलाज पर भी बहुत पैसा खर्च होता है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है।
2. **सामाजिक समस्याएँ :** धूम्रपान करने वालों को अक्सर सामाजिक और पेशेवर स्थितियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित होने से धूम्रपान करने वालों को असुविधा होती है। इसके अलावा, तंबाकू सेवन करने वालों को परिवार और दोस्तों से समर्थन की कमी भी महसूस हो सकती है।

## पर्यावरण पर दुष्प्रभाव

1. **वायु प्रदूषण :** तंबाकू के धुएं में मौजूद हानिकारक रसायन वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं। यह न केवल धूम्रपान करने वालों के लिए, बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी हानिकारक होता है।
2. **कचरा और प्रदूषण :** सिगरेट के बट्स और अन्य तंबाकू उत्पादों का कचरा पर्यावरण में बहुत समय तक बना रहता है और मिट्टी और जल को प्रदूषित करता है। तंबाकू की खेती और उत्पादन से भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, जैसे कि वनों की कटाई और जल संसाधनों का अत्यधिक उपयोग।





श्री Amrithum Super Speciality Hospital


Shri Amrithum
Super Speciality Hospital

सर्वोत्तम संभव
और भरोसेमंद इलाज

100 बिस्तरों वाला
सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

हमारी विशेषताएं
- न्यूरोसर्जरी
- रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन
- गले और मुंह की सर्जरी
- हड्डी के इलाज की सुविधा
- सामान्य सर्जरी
- क्रिटिकल केयर
- ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
- सिरदर्द, माईग्रेन की समस्या
- पेन (किसी भी तरह के दर्द) क्लिनिक









Khanna

अनुभवी एवं उच्च स्तरीय चिकित्सकों की टीम
- NABH से मान्यता प्राप्त
- समस्त TPA द्वारा इलाज की सुविधा

24x7 सुसज्जित आपातकाल विभाग
जैन मंदिर के सामने, गंगा डायगनोस्टिक के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) 6232339100

**इवेंट लाइव**

## फूड फेस्टिवल में परोसे जाएंगे 8 देशों के पकवान



**रायपुर।** खाने के शौकीन व्यक्तियों के लिए शहर स्थित मायरा रिसॉर्ट में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जहां एक ही स्थान पर दुनियाभर के स्वादिष्ट व्यंजनों को परोसा जाएगा। 30 दिवसीय फूड फेस्टिवल के पहले दिन बेंगलुरू की शेफ अंकिता खेदानी शामिल हुईं। जिन्होंने कई पकवानों को टेस्ट कर अपनी टिप्पणी साझा की। फेस्टिवल में भारतीय व्यंजनों के साथ चाइना, जापान, कोरिया, थाईलैंड, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया के फेमश डिश शामिल हैं।

### साझा की सुशी और थाई करी रेसिपी

कार्यक्रम के संचालक चन्द्रवीर सिंग ने बताया, फूड फेस्टिवल में शाम 7 से रात 10:30 डिनर बुफे रखा गया है। जिसके लिए रोजाना लोगों की बुकिंग जारी है। शहर में पहली बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें भारतीय व्यंजन के साथ अन्य देशों के पकवान भी शामिल हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को हेल्दी भोजन परोसना है। फूड फेस्टिवल के पहले दिन मुख्य अतिथि के रुप में शामिल अंकिता खेदानी ने सुशी और थाई करी रेसिपी की जानकारी दी।

**सोशल इवेंट**

## हर वार्ड में रखे जाएंगे 10 कोटना मवेशियों की प्यास बुझाने व्यवस्था

**रायपुर।** तेज गर्मी से पशु-पक्षियों को प्यास बुझाने नगर निगम अब प्रत्येक वार्ड में 10 कोटना की व्यवस्था करेगा। गुरूवार को इसकी शुरूआत महापौर एजाज ढेबर ने जल विभाग अध्यक्ष सतनाम पनाग के साथ भाठागांव में कोटने में पानी डालकर की। इस मौके पर शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड पार्षद चंद्रपाल धनगर, सभापति प्रमोद दुबे उपस्थित रहे। नगर निगम के 10 जोन के पशु-पक्षियों की सहज प्यास बुझाने कोटना की व्यवस्था करने जा रहा है। पार्षदों के सहयोग से स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों की सहभागिता से कोटना रखवाने का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में 10 स्थानों पर कोटना और नांदी रखवाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर वार्डवासी मौजूद रहे।



# ध्यान के लिए रोजाना वज्रासन में बैठकर अपने केंद्र बिंदू को देखें, अंधेरे में कैंडल के जरिए बढ़ाएं एकाग्रता

## एकलव्य खेलकूद प्रकल्प एवं वनवासी विकास समिति द्वारा लगाया गया 20 दिवसीय तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर

**तीरंदाजी एक ऐसा खेल है, जिसमें एकाग्रता, सब्र और ध्यान को महत्व दिया जाता है। प्राचीन खेल होने के साथ ही इसकी लोकप्रियता भी अधिक है। प्रदेश के वंचालन क्षेत्रों में बचपन से ही बच्चे इस विद्या में पारंगत हो जाते हैं। एकलव्य खेलकूद प्रकल्प एवं वनवासी विकास समिति द्वारा 20 दिवसीय तीरंदाजी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका समापन 30 मई गुरुवार को शबरी कन्या आश्राम में हुआ।**





**रायपुर।** संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेल के प्रति जागरुक कर मंच प्रदान करना रहा, जिससे उन्हें अवसर मिल सके। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रुप में संत श्री गुरुघासीदास शासकीय महाविद्यालय कुरुद से मेजर ओम गुप्ता, मुख्य वक्ता के रुप में अखिल भारतीय खेल प्रमुख फूल टी लेपचा और छग वनवासी विकास समिति के अध्यक्ष उमेश कच्छप शामिल रहे।

### छात्रों ने जाना, खेल में कैसे बनाएं कॅरियर

तीरंदाजी प्रशिक्षण वर्ग समापन समारोह के अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में अखिल भारतीय खेल प्रमुख फूल टी लेपचा उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने 20 मिनट के संबोधन में खेल संबंधित विभिन्न जानकारी साझा की। साथ ही तीरंदाजी में कॅरियर बनाने के माध्यम की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा, किसी भी खेल में परफेक्ट बनने के लिए रोजाना तैयारी करना आवश्यक है। खेल से पूर्व व्यायाम ध्यान करने से तीरंदाजी में मदद मिलती है।

### गांव के बच्चों में शहर से अधिक प्रतिभा

गरियाबंद से पहुंचे कोच तारेश्वर मरकाम ने बताया, 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में वनांचल क्षेत्र से बच्चे शामिल हुए हैं। गांव के बच्चों में शहर के बच्चों से अधिक प्रतिभा होती है, ट्रेनिंग के दौरान गांव के बच्चों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। महानगर सचिव राजीव शर्मा ने बताया, शिविर का संचालन बीते 6 सालों से किया जा रहा है। यह पहला वर्ष है, जिसमें शहर के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी बच्चों को शामिल किया गया। शिविर के अंतिम दिन उपस्थित बच्चों ने भगवत गीता के 12वें अध्याय की प्रस्तुति दी। शिविर में लगभग 43 बच्चे शामिल हुए, जिन्हें रोजाना अंग्रेजी व्याकरण और भगवत गीता के श्लोक का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### एकाग्रता के लिए रोजाना ध्यान जरुरी



वर्तमान में मैं कक्षा आठवीं की छात्रा हूं। परिजनों के सहयोग से आर्चरी खेल की जानकारी मिली। 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में खेल से संबंधित जानकारी मिली। जिसमें अनुशासन, एकाग्रता और एकता सीखने को मिला। रोजाना अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर 20 से 30 मिनट ध्यान करने से व्यक्ति में एकाग्रता बने रहती है। शिविर के दौरान भगवत गीता के श्लोक का अध्ययन कराया गया, जिससे बहुत कुछ सीखने को मिला। *-ऐश्वर्या साहू, 13 साल, रायपुर*

### अच्छी नहीं आर्थिक स्थिति, चाहिए मदद



मैं गरियाबंध के अंतर्गत आने वाले छोटे से गांव की निवासी हूं, घर के नजदीक अन्य लोगों को देखकर तीरंदाजी खेल की जानकारी मिली। यह मेरा प्रथम वर्ष है, गांव से दूर आकर प्रशिक्षण के लिए बड़ी बहन ने प्रोत्साहित किया। घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। मैं कक्षा 12वीं की छात्रा हूं और मेरे माता-पिता किसान हैं। स्पर्धा में इसलिए भी ताकि कुछ मदद मिल सके। भविष्य में मैं भारत के लिए तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर पदक लाना चाहती हूं। तीरंदाजी करते वक्त केवल अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए निशाना लगाना चाहिए। एकाग्रता के लिए ध्यान लगाती हूं। इसके लिए आस-पास होने वाले शोर को नजरअंदाज कर खेलना जरुरी है। *-देवकुमारी ध्रुव, 18 वर्ष, गरियाबंद*

### शिविर में आने से पहले नहीं पता था, क्या है तीरंदाजी



परिजनों की सलाह पर स्कूल के छात्रावास से रायपुर शहर आने का मौका मिला। खेल के साथ पढ़ाई करना बहुत पसंद है। इसमें गणित मेरा पसंदीदा विषय है। तीरंदाजी में गणित विषय से मिली 'डिस्टेंस' का जानकारी फायदेमंद साबित हुई। एकाग्रता के लिए बचपन से रोजाना ध्यान करता आ रहा हूं। एकांत कमरे में कैंडल जलाकर वज्रासन में बैठकर ध्यान करता हूं। प्रशिक्षण शिविर में आने के बाद एकाग्रता के लिए किसी नियमित बिंदू को केंद्र समझकर 20 से 25 मिनट के लिए ध्यान की अवस्था में रहता हूं, जिससे एकाग्रता और मन को शांति मिलती है। तीरंदाजी में भारतीय खिलाड़ी दीपिका कुमारी मेरी आइडल हैं।

*-खिलेश भद्रे,15 साल, केशकाल*

### सीनियर छात्रों से मिली जानकारी, पिता किसान



बस्तर स्थित छोटे से गांव का निवासी हूं, मेरे माता-पिता किसानी करते हैं। छात्रावास में सीनियर विद्यार्थियों से तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर की जानकारी मिली। यहां केवल 15 दिनों में तीरंदाजी के कई टिप्स मिले। खेल से पहले कसरत और ध्यान करना फायदेमंद रहा। इससे निशाना लगाने से पहले मन शांत रहता है। रोजाना ध्यान लगाने से केंद्र बिन्दू पर ध्यान एकत्रित करने में सहायता मिलती है।

*-गोलू कश्यप, 13 वर्ष, बस्तर*

अनुभवी टीम, अटूट ट्रस्ट, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ

छत्तीसगढ़ का सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल

विश्वसनीय विशेषज्ञ अत्याधुनिक इलाज



शंकर नेत्रालय चेन्नई, एम्स नई दिल्ली एवं एलवीपीईआई हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त सीनियर नेत्र सर्जन्स एवं विशेषज्ञों की टीम

विशेष सुविधायें

मोतियाबिंद | तिरछापन | रिफ्रेक्टिव सर्जरी | रेटिना | कांटेक्ट लेंस | कांच बिंद (काला मोतिया) | कॉर्निया | शिशु नेत्र रोग | न्यूरो-ऑप्थाल्मोलॉजी | ऑर्बिट एंड ओकुलोप्लास्टिक | कोम्प्रेहेंसिव आई केयर

SHRI GANESH VINAYAK EYE HOSPITAL

We Care For Your Eyes

In Front of Colors Mall, Opposite Ganga Diagnostic, Pachpedi Naka, Raipur (C.G.)

www.sgveh.com 9644902896

AdPRAYAS


क्या आपको
ओपन हार्ट बाईपास सर्जरी
के लिये सलाह दी गयी है
Shri Venkatesh Superspeciality Hospital
और आप इस से भयभीत है ?
मिनिमल इनवेसिव
बायपास सर्जरी...
एक बेहतर विकल्प है.
MINIMAL INVASIVE बायपास सर्जरी के फ़ायदे
हड्डियों को बिना काटें हार्ट सर्जरी
न्यूनतम रक्त स्त्राव
कम दर्द
जल्द से जल्द स्वास्थय सुधार व अस्पताल से छुट्टी
ऑपरेशन के बाद 15 दिनों में अपने काम पर वापसी
डायबिटिक पेशेंट के लिए बेहतर
7
MICS
MINIMAL INVASIVE CARDIAC SURGERY
7* DAY RECOVERY
Go back to your regular activities
डॉ. चंदेल
एमसीएच (कार्डियो वैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जन)
Khanna
छत्तीसगढ़ का एक मात्र न्यूनतम इनवेसिव हार्ट सर्जरी सेंटर
हृदय रोग विशेषज्ञो की समर्पित टीम
24X7 कार्डिएक इमरजेंसी
आधुनिक कैथ लैब
45+ आधुनिक आईसीयू बिस्तर
अधिक जानकारी के लिये QR कोड स्कैन करें और विडियों देखें
C-14, Sector 8A, Kaushalya (Kamal) Vihar, Raipur
CALL US NOW
07713103333
7880081828
info@shrivenkateshhospital.com
shrivenkateshhospital.com
shrivenkateshsuperspecialityhospital
shrivenkateshhospital

सिटी लाइव

## योग साधना के माध्यम से दूर कर रहे बीमारियां



**रायपुर।** आम आदमी को योग के प्रति जागरूक करने के लिए योग संस्थान प्रतिवर्ष मई और जून माह में निःशुल्क रोग निवारण शिविरों का आयोजन करता है। इस वर्ष भी वर्तमान में रायपुर के छः अलग अलग स्थानों में 29, 30 और 31 मई को मधुमेह रोग निवारण शिविर चलया जा रहा है, जिसमें लोग स्वास्थ्य लाभ के साथ योग के प्रति जागरुक हो रहे हैं। विशेषज्ञों ने इस दौरान कहा, योग आज हमारी आवश्यकता ही नहीं अपितु जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। जिसने भी योग को अपनाया है, अपना जीवन सुखी बनाया है। इस शिविर में सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, प्राणायाम, ध्यान, यौगिक मुद्राओं और शुद्धि क्रियाओं के अभ्यास के साथ मधुमेह रोग पर जानकारी देते हुए योग शिक्षकों द्वारा योग साधना कराई जा रही है।

### इन स्थानों पर प्रशिक्षण

ऑक्सीजोन गार्डन योग केंद्र, बूढ़ातालाब गार्डन, श्री सिद्धिविनायक शिव साईं हनुमान मंदिर पिंक सिटी, उत्तम वाटिका देवेन्द्र नगर, आंबेडकर पार्क योग न्यू राजेंद्र नगर, सार्वजनिक उद्यान योग केंद्र सेल्स टैक्स कॉलोनी में सुबह ये शिविर लगाए जा रहे हैं। अंत में शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया जाता है। संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी मुकेश सोनी ने बताया, सभी केंद्रों में योग शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग मिल रहा है। इसमें कंवलजीत, सपना, रिया, लता, सविता, पिंकी, सरिता, गायत्री सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

सोशल लाइव

## बुराइयां त्यागने के लिए लगाई जाएगी दानपेटी, संदेश भी



**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव और रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक-दो में 31 मई को एक दिन के लिए नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रदर्शनी को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य देखा जा सकता है। प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। रेल्वे स्टेशन में आयोजित नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक राजेश मूणत, अपर कलेक्टर निधि साहू, डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर राकेश सिंह, स्टेशन डायरेक्टर एनके साहू और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। इसी तरह अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक मोतीलाल साहू और नगर निगम के उपायुक्त विनोद पाण्डे करेंगे।

### दुष्परिणाम बताने रंगीन चित्रों का प्रयोग

उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को व्यसन मुक्ति का सन्देश देने के लिए रंगीन चित्रों तथा पोस्टर्स के माध्यम से तंबाकू के अलावा गुड़ाखू, बीड़ी, सिगरेट और शराब आदि नशीली चीजों से स्वास्थ्य को होने वाले दुष्परिणामों के बारे में सचेत किया जाएगा। इसके साथ ही राजयोग साधना के द्वारा हमेशा के लिए दुर्व्यसनों से मुक्त होने के उपायों को बहुत ही सरल शब्दों में रोचक ढंग से दर्शाया जाएगा। यह प्रदर्शनी सभी नागरिकों के लिए दर्शनीय है। प्रदर्शनी स्थल पर तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि छोडने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए एक दान पेटी भी रखी गई है, जहां पर व्यसनों से छुटकारा प्राप्त करने के इच्छुक लोग परमात्मा को साक्षी रखकर बुराइयों का दान कर सकेंगे।

इवेंट लाइव

## भागलपुर से पहुंचे व्यापारी बताई साड़ियों की खासियत



**रायपुर।** आकाशवाणी रोड स्थित ग्रॉस मेमोरियल मैदान में फन सिटी मेला का आयोजन किया गया है। जहां देश के विभिन्न स्थानों से व्यापारी अपने वस्तुओं के साथ शामिल हो रहे हैं। भागलपुर, राजस्थान, ओडिसा, एमपी, यूपी, बिहार जैसे कई राज्यों से व्यापारी शामिल हुए हैं। मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्रफिश एक्वेरियम है, जिसे देखने लोगों की भीड़ पहुंच रही। एक्वेरियम में 40 प्रकार के एक हजार से अधिक मछली मौजूद है। मेला प्रबंधक शोएब अहमद ने बताया, मेले में संबलपुरी साड़ी, ज्वेलरी, चादर, डिजाइनर ड्रेस, घरेलू वस्तुएं, खिलौने, किताब, बर्तन, लकड़ी की हैंडमेड वस्तुएं, हैंड मेड पर्स के स्टॉल लगाए गए हैं।


### हैंडमेड साड़ियों में बारीक काम

मैदान में आयोजित मेले में 50 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए हैं। मेले में महिलाओं के लिए ज्वेलरी और साड़ी की दुकान सजाई गई है। महिलाओं की पहली पसंद ज्वेलरी और अन्य राज्यों की हैंडमेड साड़ी है। खास बात यह है कि मेले में दुकानदारों द्वारा साड़ियों की खासियत बताने के साथ ही रख-रखाव के टिप्स भी दिए जा रहे हैं। मेले में डंबल डिस्प फ्रिजबी झूला आकर्षण का केंद्र है, जिसे बच्चों संग युवा पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही छोटे बच्चों के लिए भी कई झूला मैदान में मौजूद है। मेले में परिजनों के साथ लोग देर रात तक झूमते नजर आए। मेले में 30 से अधिक झूले लगाए गए है, जिसकी कीमत 50 रुपए से शुरु होकर 120 तक तय की गई है।

● प्री मानसून से पहले शुरू हुई बरसात की तैयारियां, थोक बाजार में व्यवसायी पहुंच रहे खरीदी के लिए

# बच्चों व उनके स्कूल बैग को बचाएंगे छोटा भीम, मिक्की माउस महिलाएं बैग में रख सकेंगी कलरफुल डबल-ट्रिपल फोल्ड छाते

"जून में बच्चों के स्कूल खुलने वाले हैं, साथ ही बरसात की दस्तक भी होगी। ऐसे में उनको और किताब-कापी को बचाने के लिए रिटेलर्स रेनकोट का आर्डर करने लगे हैं। शहर के थोक व चिल्हर कारोबारियों ने इस सीजन में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाले रेनकोट की 40 से ज्यादा वैरायटी बाजार में लाने वाले हैं। इनमें छोटा भीम, मिक्की माउस, मोटू-पतलू जैसे कई कैरेक्ट प्रिंट रेनकोट खास होंगे। कामकाजी महिलाएं अब बरसात से बचने के लिए बैग में छाते लेकर जा सकें, ऐसे कलरफुल डबल व ट्रिपल फोल्ड छाते भी रिटेलर्स अभी से आर्डर करने लगे हैं।"





### स्लीम, फुल व गोल नेक स्टाइल

रेनकोट में स्लीव, फुल नेक, गोल नेक स्टाइल के साथ ही जिपर प्रिंट, कार्टून प्रिंट को खास तौर से डिजाइन किया गया है। बरसात में इसे पहनने के लिए पुलओवर स्टाइल और आरामदायक भी बनाया गया है। उच्च गुणवत्ता वाले मटेरियल का इस्तेमाल करते हुए बच्चों और बड़ों के लिए प्रोडक्ट तैयार किया गया है। स्पेशल थीम डिजाइन के साथ 100% प्रीमियम क्वालिटी पैराशूट कपड़े का भी उपयोग किया गया है। यह टिकाऊ और पहनने में भी आरामदायक होगा। दुकान में सजाने के लिए रिटेलर्स इसे अभी से थोक विक्रेताओं के पास आर्डर भी कर रहे हैं।

**रायपुर।** बरसात शुरू होने से पहले ही शहर में रेनकोट का थोक व्यवसाय करने वाले कारोबारियों ने मुंबई व कोलकाता से बल्क में बारिश से बचाव के सामान जुटाने शुरू कर दिए हैं। इनसे रिटेलर्स भी खरीदने के लिए अभी से आर्डर बुक करवाने पहुंच रहे हैं। बंजारी चौक क्षेत्र के थोक कारोबारी विनोद साहू को इस सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। उनका मानना है कि नवतपा में रिकार्ड तोड़ गर्मी को देखते हुए आस जगी है कि इस बार बरसात भी जमकर होगी। वहीं ऋषि अग्रवाल बताते हैं कि ऐसे में स्कूली बच्चों और कामकाजी महिलाओं ही नहीं बल्कि काम के सिलसिले में दिनभर दौड़-भाग करने वाले लोगों को भी अच्छी क्वालिटी के रेनकोट की जरूरत पड़ती है। इसको देखते हुए बरसात से बचाने के लिए हर रेंज में मटेरियल्स मंगाए गए हैं। इसे खरीदने के लिए हर जिले से रिटेलर्स आर्डर कर रहे हैं।



### हर वर्ग के लिए रंग-बिरंगे छाते

रेनकोट कारोबारियों का कहना है कि इस बार व्यस्कों के लिए रेनकोट की 100 से 150 वैरायटी मिलेगी, यानी पसंद के लिए ढेरों विकल्प मिलेंगे। बारिश की संभावना को देखते हुए इस बार रेनकोट की इस साल जबरदस्त मांग की संभावना है। आने वाले कुछ दिनों में ही बारिश की गतिविधियां शुरू हों जाएंगी। ऐसे में इन दिनों रेनकोट व आकर्षक रंग-बिरंगे फैंसी छाते भी सजेंगे। इनमें महिलाओं और बच्चों के लिए रंग-बिरंगे छाते भी खास हैं। महिलाओं के अलावा पुरुषों के लिए भी सामान्य व डबल फोल्ड छातों की भरमार 200 से 400 की रेंज में मिलेगी।

### बच्चे व स्कूल बैग होंगे कवर्ड

कार्टून में बच्चों का सबसे पसंदीदा छोटा भीम, मिक्की माउस, मोटू-पतलू जैसे कई तरह के कैरेक्टर इस साल उन्हें बारिश से बचाएंगे। इस सीजन में रेनकोट कंपनियों ने बच्चों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्टून कैरेक्टर वाले रेनकोट मार्केट में उतारने की तैयारी में हैं। बच्चों को बारिश से बचाने के लिए सभी वर्ग के लोग इसे खरीद सकें, इसलिए इनकी रेंज भी 250 से लेकर 700 रुपए की रेंज तय की है। बैग से लेकर पानी बॉटल तक इस रेनकोट में कवर्ड होगा। इससे बच्चों को भीगने से बचाने के साथ किताब-कॉपियां भी सुरक्षित होगी।

### रेनकोट की अब वारंटी भी

रेनकोट कंपनियों द्वारा बारिश में नौकरीपेशा व विद्यार्थियों का भी विशेष ध्यान रखा है। बारिश में विद्यार्थी व नौकरीपेशा लोगों के लिए भी इस बार खास तौर से तैयार किए गए रेनकोट मिलेंगे। इसमें व्यक्ति को बचाने के साथ ही उनके लैपटॉप व बैग को भी बरसात नहीं भीगा पाएगी। कंपनियों ने रेनकोट के साथ ही लैपटॉप को पानी से सुरक्षित रखने के लिए अलग से उसमें जगह दी है। इतना ही नहीं 2500 की रेंज में इस रेनकोट को खरीदने वाले लोगों को एक ही रेनकोट को रिवर्स करके पहन सकेंगे। इससे उन्हें दो तरह के लुक मिलेंगे। इसे खरीदने पर 4 साल की वारंटी भी अब मिलेगी।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज : तंबाकू से निजात पाने वालों ने साझा किए अनुभव

## शहर में नशामुक्ति के 16 केंद्र, एक वर्ष में आए 15 हजार से अधिक मरीज, 10 हजार से अधिक की काउंसिलिंग

"तंबाकू की लत के चलते अपनों के बीच ही नहीं, समाज में भी बार-बार अपमानित होना पड़ता था। आने वाले ग्राहक को थूकने के बाद सामान देने पर वे नाराज होते व व्यवसाय पर बुरा असर पड़ता था। अपमान का सामना करते हुए एक दिन जिला अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र पहुंचा, वहां काउंसिलिंग के बाद 4 से 6 महीने संकल्प के साथ तंबाकू व पान मसाला से दूरी बनाई, अब दोस्तों को इस गलत आदत से छुटकारा दिला रहा हूं। कुछ इसी तरह के अनुभव तंबाकू छोड़ने वाले युवाओं ने साझा की।"

**रायपुर।** आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही कई संस्थाएं भी जागरुक करने के लिए अभियान चलाने वाली हैं। 31 मई यानी शुक्रवार को तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर जब तंबाकू व पान मसाले का सेवन करने और इससे मुक्ति पा चुके लोगों से बात की गई, तो उन्होंने अपने अनुभव साझे करते हुए जीवन में आए बदलाव के विषय में बताया। कुछ इसी तरह के संवाद से शहर के युवा कारोबारी सोनी (परिवर्तित नाम) ने बताया कि तंबाकू के कारण दागदार कपड़े की वजह से रोज नाते सुनने पड़ते थे। 6 महीने अस्पताल से प्राप्त निकोटेन का इस्तेमाल करने से इस गलत आदत से छुटकारा मिला। अब तो आस-पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करता हूं, ताकि वे भी अच्छे लोगों में शामिल हों।



### पढ़ाई के दौरान नींद से बचने लगी लत

वहीं रामदीन को तंबाकू की लत पढ़ाई के दौरान लगी। रात में पढ़ाई करने पर नींद से बचने के लिए तब तंबाकू का सेवन करने लगे थे। उन्होंने बताया कि इस गलत आदत के चलते हर महीने डेढ़ से दो हजार खर्च होता था। कभी-कभी तो दोस्तों से उधार भी लेना पड़ता था। नशा मुक्ति केंद्र से प्राप्त सलाह व मिले निकोटेन का उपयोग करने पर भी छुटकारा पाने में 5 महीने लगे। कुछ दिनों तक चाय पीने के बाद तंबाकू की तलब लगती थी।

### ऑफिस में काम के दौरान होना पड़ता था अपमानित

शहर के आशाराम बताते हैं कि गलत संगत के चलते तंबाकू का सेवन करने लगा था। बाद में यह शौक और बढ़ा तो पान-मसाला भी खाने लगा। इसके चलते ऑफिस में काम के दौरान रोज कोई न कोई दो बात सुना देता था। बार-बार अपमान होता था, तब इससे बचने के लिए नशा मुक्ति केंद्र गया। वहां मनीष कुमार मेजरवार, डॉ. प्रीति नारायण, सलाहकार डॉ.वजींदर कौर, नेहा सोनी ने काउंसिलिंग में बताया कि इसे छोड़ने में हम मदद करेंगे। तंबाकू के लत से बाहर निकलने की इच्छा शक्ति आप में होनी चाहिए। मैंने इस नशे से छुटकारा पा लिया है।

### सुबह 8 से 12 नियमित ओपीडी

स्वास्थ्य विभाग रायपुर में 16 नशा मुक्ति केंद्र संचालित करता है। इनमें नशा मुक्ति केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल भी शामिल हैं। नशा मुक्ति केंद्र में मरीजों की ओपीडी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहती है। टीसीसी सेंटर में ऐसे लोग जो तंबाकू छोड़ना चाहते है, उनका इलाज किया जाता है। इस साल 15 हजार से ज्यादा लोग ओपीडी में आए। इसके अतिरिक्त करीब 10 हजार लोगों ने काउंसिलिंग में शामिल हुए। अभी तक 150 से ज्यादा लोगों ने तंबाकू से छुटकारा पा लिया है। बचे हुए लोगों को इस लत से बाहर निकालने का प्रयास जारी है।

## नन्हे सीख रहे कराटे संग योग युवतियां सिलाई व मेहंदी कला





**रायपुर।** सामजिक संस्था विकास परिषद् द्वारा एक मई से नूतन स्कूल में समर कैंप संचालित किया जा रहा है। इस कैंप में स्कूली बच्चों के साथसाथ युवाओं और महिलाओ को 40 से अधिक विधाओं में पारंगत किया जा रहा है। अभी तक कैंप में 2 हजार से अधिक ने अपना पंजीयन कराया है। कैंप 10 जून तक प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक संचालित हो रहा है। पंजीयन के इच्छुक प्रातः नूतन स्कूल टिकरापारा पहुंचकर पंजीयन करा सकते हैं। लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे के साथसाथ रोजगार परक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसमें मेहंदी, ब्यूटीपार्लर, डोल मेकिंग, माइक्रम वर्क, पॉट वर्क, सिलाई-कढ़ाई जैसी विधाएं शामिल हैं। 12वीं के बाद एक वर्ष का डीसीए कंयूटर डिप्लोमा मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से गरीब बच्चों को निःशुल्क उपलब्ध करने की पहल भी इस वर्ष से संस्था ने शुरू की है।

### मोबाइल के दुष्प्रभाव पर फोकस

योग, ध्यान और प्राणायाम से वर्तमान पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कैंप प्रभारी द्वय ने बताया, इस बार बच्चों में बढ़ते मोबाइल एडिक्शन और इसके दुष्प्रभाव पर मुख्य फोकस किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर कराटे में ब्लैक बेल्ट धारी धारिणी ठाकुर, दुल्हन मेहंदी और अरेबियन मेहंदी में इसरार, केजुअल मेहंदी में इमरान, ड्राइंग में दिव्यानि, पॉट वर्क में जिया, माइक्रॉन में ऋषिका, क्लासिकल में विनीता यादव, फोक डांस में बबिता और जान्हवी, कंटेम्परेरी में हुमा, डोल मेकिंग में भाग्यश्री, सिलाई में छत्राणी, कढ़ाई में खिलेश्वरी, ब्यूटीपार्लर में पद्मा साहू, हेयर कटिंग में आरती, गायन और आर्गन में छाया पाल, ढोलक में गौरव साहू, हारमोनियम में दिव्या, कंप्यूटर में सुनील और तरुण, स्पोकन इंग्लिश में सुचित्र प्रशिक्षण दे रहे हैं।

अमलेश्वर में पं. प्रदीप मिश्रा ने शिव महापुराण में दी श्रोताओं को सीख

# मृत्युलोक में जन्म लेना सरल, महादेव की भक्ति व संकीर्तन पाना करना बहुत कठिन, इसके लिए जरूरी है आत्मसमर्पण

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बार-बार जन्म होगा मृत्यु होगी। मृत्युलोक में जन्म लेना सरल है, लेकिन महादेव की भक्ति व संकीर्तन को पाना करना कठिन है। यहां 46- 47 डिग्री गर्मी होने के बाद भी आप सब भगवान शिव की कथा सुनने पहुंचे हैं। इसमें सूर्यदेव की कृपा है कि इस भीषण गर्मी में भी वह आपके लिए धूप और छांव कर रहे हैं। भगवान शिव हमें एक क्षण में मिल सकते हैं। उसके लिए हमें महादेव के चरणों में समर्पित होना होगा। हमें शिव के दर्शन भले ही न हो, लेकिन वे हमारी समस्या का हल जरुर करते हैं। घोर कलयुग में अब शिव युग आकर समाहित हो गया, यह कोई नहीं जान सका। कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने चौथे दिन शिवमहापुराण की कड़ी में श्रोताओं से यह बात अमलेश्वर में कही।





### पहुंचे गणमान्य नागरिक

अम्लेश्वर में जारी शिव महापुराण कथा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव साय भक्ति रस का आनंद लेने पहुंचे। उनका स्वागत युवा समाज सेवक बसंत अग्रवाल ने किया।

### सीएम की धर्मपत्नी भी पहुंचीं कथा सुनने

गुरुवार को कथा सुनने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय भी पहुंची। उन्होंने कथावाचक से आशीर्वाद भी लिया। आयोजक पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, मोनू साहू ने कौशल्या देवी साय को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल भी मौजूद रहे। कथा समापन के बाद पं. मिश्रा हटकेश्वर महादेव के दरबार में शाम को हुई आरती में शामिल हुए और आशीष लिया।

### ग्रहण करें प्रसादी

जब हम किसी तीर्थ, अपने गुरु के दरवाजे पर जाएं, भोग-भंडारे में जाएं तो मांगकर खाएं, क्योंकि वहां भोजन नहीं भोलेनाथ का प्रसाद होता है। जैसे ही प्रसाद आपके हाथ में आता है समझ लेना भगवान शिव के दर्शन हो गए। कितना भी बड़ा आदमी मंदिर में जाए तो दोनों हाथ जोड़कर प्रमाण करना कभी नहीं भूलना चाहिए। जो प्रसादी के रुप में मिले उसे जरूर ग्रहण करें।

### बचें बेटियां

कथा में महाराज ने बेटियों से कहा कि माता-पिता ने जो आपके लिए लड़का ढूंढा है, वह 100 प्रतिशत अच्छा होगा। लेकिन आज के जमाने में जो बेटियां ऐसे लड़कों के झांसे में आ रही हैं, जिनके बारे में जानती नहीं है कि वह कहां से आया है, क्या करता है, कहां रहता है। घुड़घुड़ गाड़ियों में आते हैं, थोड़ी बॉडी बनाकर झांसे में फंसाकर संबंध बनाने के बाद नदी में कांटकर फेंक देते हैं। उन्होंने बेटियों से निवेदन किया कि माता-पिता कभी आपके लिए गलत नहीं सोंचेंगे, इसलिए शादी का निर्णय माता-पिता पर छोड़ दें।